# गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर कलेक्टर सख्त

**जिला स्वास्थ्य समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 14नवम्बर।** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समय पर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर अधिकारी-कर्मचारी अपनी जवाबदेही समझकर कार्य करें।



जिलाधीश कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर, जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र जादौन सहित बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, डीपीएम, डीएचओ, डीटीओ, यूनिसेफ तथा डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जननी सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को समय पर भुगतान हो। सीएचसी केंद्रों पर डिलीवरी केस, विशेषकर हाई रिस्क प्रेगनेंसी में अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। आधार-बैंक खाते लिंक करने में आ रही समस्याओं का तुरंत समाधान कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को प्रारंभिक स्तर पर बेहतर प्राथमिक उपचार दिया जाए जिससे गंभीर स्थितियों को रोका जा सके। अनमोल पोर्टल, यूवीन पोर्टल सहित अन्य पोर्टलों पर अनिवार्य रूप से समय पर एंट्री करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि पेंटागन वैक्सीनेशन, मीजल्स-रूबेला टीकाकरण समय पर सुनिश्चित किया जाए और आमजन में जागरुकता बढ़ाई जाए। सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए ओरिएंटेशन आयोजित करने और दवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर, विद्यालयों में पोस्टर-बैनर तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के बाहर नशीले पदार्थ बेचने वाली गुमठियों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ऋषिश्वर ने बताया कि राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 15 से 21 नवंबर तक मनाया जाएगा। तम्बाकू मुक्त गांव बनाने की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, मातृत्व सुरक्षा कार्यक्रम, एनीमिया नियंत्रण, क्षय रोग उन्मूलन, टीकाकरण, कुपोषण केंद्र, एसएनसीयू, मलेरिया नियंत्रण, कुष्ठ नियंत्रण सहित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

# एसडीएम पोहरी ने किया बीएलओ के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

**मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 14नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत एसडीएम पोहरी अनुपम शर्मा द्वारा गुरुवार को आकस्मिक भ्रमण कर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की गई।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुपम शर्मा ने पिपरघार, कोल्हापुर तथा भटनावर ग्रामों के बीएलओ से घर-घर सर्वे की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर तक विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जायेगा।

## अवैध मुरम व एम-सैण्ड परिवहन करने पर दो वाहन जप्त

**शिवपुरी।** जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन और परिवहन पर नकेल कसने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास द्वारा 13 एवं 14 नवम्बर को महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। तहसील करैरा के ग्राम बघेदरी अब्बल के समीप एक सोनालीका कम्पनी का ट्रेक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से मुरम का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। मौके पर ही वाहन को जप्त कर पुलिस थाना करैरा की सुरक्षा में रखा गया है। इसी तरह रन्नौद-पिछोर मार्ग पर एक डम्पर हाईवा वाहन को एम-सैण्ड खनिज का अवैध रूप से ओवरलोड परिवहन करते पाया गया, जिसे तत्काल जप्त कर थाना रन्नौद में सुरक्षा हेतु रखा गया है। दोनों प्रकरणों में खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई कर अवैध परिवहन से संबंधित प्रकरण कलेक्टर न्यायालय को अर्थदंड निर्धारण हेतु प्रेषित किए गए हैं।

# विकास और कोर समूहों का योजनाओं पर प्रशिक्षण



**40 सदस्यों ने ली सामुदायिक नेतृत्व आधारित पहल के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की बारीकियां**

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 14नवम्बर।** सामुदायिक नेतृत्व आधारित स्वास्थ्य एवं पोषण सशक्तिकरण पहल को मजबूत करने के उद्देश्य से 14 नवंबर 2025 को राधा कृष्ण मैरिज गार्डन, पोहरी में विकास समूह एवं कोर समूह के सदस्यों के लिए शासकीय योजनाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल में समूह के कुल 40 सदस्यों ने सहभागिता की। इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य इन सामुदायिक लीडर्स को स्वास्थ्य, पोषण और सुशासन हेतु सामुदायिक नेतृत्व मॉडल के तहत योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ एक भजन के साथ हुआ। जिला समन्वयक अजय यादव ने प्रशिक्षण के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पहल हमारे लीडर्स को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें समुदाय में इन योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करवाने के लिए तैयार करेगी। यह प्रयास सामुदायिक स्वामित्व और नेतृत्व आधारित स्वास्थ्य-शासन पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विकास संवाद, भोपाल से आईं सुश्री आरती पाराशर ने प्रशिक्षण को आगे बढ़ाया। जनपद कार्यालय, पोहरी से राकेश कुमार रघुवंशी ने पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की विधि समझाई। ब्लॉक कोर्डिनेटर दीपेंद्र यादव ने पीएम जनमन आवास योजना के महत्व को रेखांकित किया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में अलग-अलग प्रशिक्षकों ने शासकीय योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में सामुदायिक-चालित लचीलापन और समुदाय की सक्रिय सहभागिता को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का समापन रानी जाटव द्वारा उपस्थित अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त करने के साथ किया गया।

# बाइक रैली एवं बाल दिवस के कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**नवभारत न्यूज**
**पिछोर, 14नवम्बर।** पिछोर बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद सोनी तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी श्रीमती रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर राजेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज 14 नवंबर शुक्रवार को न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह के कार्यक्रम का समापन किया गया। पिछोर नगर में 14 नवंबर शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे बाइक रैली एवं विधिक जागरूकता प्रदर्शनी कार्यक्रम सिविल न्यायालय परिसर पिछोर से डाक बंगला चौराहा, बस स्टैंड चौराहा से कॉलेज चौराहा से छावनी चौराहा से वाचरौन चौराहा होते हुए वापस न्यायालय परिसर पिछोर पर आकर रैली एवं विधिक जागरूकता प्रदर्शनी कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर राजेश कुमार अग्रवाल अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पिछोर, जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पिछोर सुश्री नेहा प्रजापति, सहित अधिवक्ता गण तथा विधिक कर्मचारी श्री धर्मेंद्र राजोरिया, सहित न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिछोर में बाल दिवस समारोह, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर, सुश्री नेहा प्रजापति प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पिछोर के द्वारा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों को समझने में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए बच्चे कहानी सुनाने, भूमिका खेल, निबंध लेख, चित्रकला, छात्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, बाल संरक्षण कानून, साइबर सुरक्षा और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के बारे में, शिक्षा के बारे में, विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पेन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया, इसके पश्चात न्यायाधीश गणों द्वारा बाल दिवस समारोह पर आयोजित बाल मेला कार्यक्रम में भ्रमण कर खरीदारी कर बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ कांड पिछोर, सुश्री नेहा प्रजापति प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पिछोर तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्रा उपस्थित था! कार्यक्रम का आभार शिक्षक अनिल गुप्ता तथा संचालन सौरभ शास्त्री द्वारा किया गया।

# स्वामी विवेकानन्द स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**नवभारत न्यज**
**पोहरी, 14नवम्बर।** स्वामी विवेकानन्द हायर सेकेण्डरी स्कूल पोहरी पर बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेश रांठखेडा और नगर परिषद पोहरी की अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा ने फीता काट कर सभी बच्चों की दुकानों का शुभारंभ किया। बाल मेला में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश सिंह तोमर, संकुल प्राचार्य भरत सिंह धाकड़, प्राचार्य अजय शंकर त्रिपाठी के साथ साथ बच्चों के अभिभावकों ने सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य भानू प्रताप सिंह धाकड़ और संचालिका शशि भरत सिंह धाकड़ ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ ने अपने उद्बोधन में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को पढ़ लिखकर आत्म निर्भर बनने की समझाइश दी और इस भव्य आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए प्रशंसा की। बाल मेला में कुछ बच्चों से सीखे दुकानदारी के गुर तो कुछ बन गए ग्राहक। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया।



## बेटियों के पोषण व शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : जादौन

शिवपुरी। बाल दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला चिकित्सालय में स्वागत-सम्मान कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग शिवपुरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन्मी 38 नवजात बालिकाओं का स्वागत किया गया और उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि बेटी लक्ष्मी का स्वरूप होती है, उसके जन्म पर परिवार और समाज को खुशियां मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिका के स्वस्थ विकास के लिए जन्म के बाद 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं तथा 6 माह बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार देना शुरू करें।

# खनियाधाना में भव्य बाल मेले का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**खनियाधाना। 14 नवंबर।** बाल दिवस के अवसर पर पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक खनियाधाना में भव्य बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मेले में विद्यार्थियों ने अत्यंत जोश और रचनात्मकता के साथ भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल सजाए तथा उद्योग-धंधों की बारीकियों को समझा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र पुरोहित द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बीआरसी संजय भदौरिया, संकुल प्राचार्य रामगोपाल शर्मा, प्रभारी



प्राचार्य राजेश देव पांडे विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों द्वारा बनाए गए सामानों की खरीदारी कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

मेले में इस वर्ष विशेष आकर्षण रहा विज्ञान शिक्षिका राजुल जैन एवं छात्रों द्वारा तैयार किया गया 'विज्ञान जिज्ञासा मॉडल' प्रदर्शन। विद्यार्थियों के इन मॉडलों ने वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मकता को दर्शाया। वहीं सांस्कृतिक प्रभारी मधुबाला शर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न हस्तशिल्प मॉडल भी सभी का ध्यान आकर्षित करते रहे।

विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाई गई ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी भी मेले का प्रमुख आकर्षण बनी, जिसमें छात्रों ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय गीतों व देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।



# जिम्मेदार मर्दगिनी पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**समाज और पुलिस के बीच संवाद का सेतु बनकर कार्य करें : एसडीओपी संजय मिश्रा**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 14नवम्बर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत महिला एवं बालिका सुरक्षा में पुरुषों की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु शुक्रवार को होटल फूलराज में नगर रक्षा समिति के सदस्यों के लिए 'जिम्मेदार मर्दगिनी' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला की शुरुआत में कदम जन विकास संस्था की सचिव श्रीमती अनुपम साहू ने ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के संयोजक व सदस्यों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। एसडीओपी संजय मिश्रा ने सदस्यों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग नगर रक्षा समिति के सहयोग के लिए आभारी है। समिति सदस्य समाज और पुलिस के बीच संवाद का मजबूत पुल हैं, जो आपसी समन्वय को सुदृढ़ करते हैं। एसडीओपी मिश्रा ने कहा कि कई महिलाएं और बच्चे घरेलू हिंसा या अन्य अपराधों के चलते पुलिस तक नहीं पहुंच पाते, ऐसे में समिति सदस्य उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर कोलारस पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और 'जिम्मेदार मर्दगिनी' भी इसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाज में कहीं भी महिलाओं या बालिकाओं के प्रति हिंसा की जानकारी मिलती है तो उसकी शिकायत करना ही एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। कार्यक्रम में सचिव अनुपम साहू ने हेल्पलाइन नंबर 0751-3510051 जारी किया, जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेगा। इस नंबर के माध्यम से मानसिक समस्या से जूझ रहे लोगों, पात्र दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में लड़का-लड़की के बीच भेदभाव खत्म कर ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में एसडीओपी संजय मिश्रा, थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर, कदम जन विकास संस्था की सचिव अनुपम साहू, स्तगनी श्रीवास्तव सहित नगर रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# 56 लाख की स्मैक जब्त, अंतरराज्यीय नेटवर्क बेनकाब



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 14नवम्बर।** नशा माफिया पर शिकंजा कसने के लिए शिवपुरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान को बड़ी सफलता मिली है। अमोला और करैरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 280 ग्राम अवैध स्मैक कीमत लगभग 56 लाख रुपये और एक मोटरसाइकिल जप्त कर अंतर राज्यीय ड्रग नेटवर्क से जुड़े आरोपी नीलेश लोधी को गिरफ्तार किया। कुल जब्ती 56 लाख 50 हजार रुपये की रही। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नशा उन्मूलन अभियान के तहत की गई, जिसके पालन में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर अरविंद सक्सेना, डीआईजी ग्वालियर अमित सांघी, एवं शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत एएसपी संजेव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में यह बड़ी कार्रवाई की गई।

## सूचना मिलते ही की गई घेराबंदी

14 नवंबर को थाना प्रभारी अमोला उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता एवं चौकी प्रभारी अमोलपठा उप निरीक्षक अभिमन्यु राजावत को मुखबिर से सूचना मिली कि रामकुढ़ी मंदिर के पास सहराना पुलिया पर एक युवक अवैध स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धरदबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीलेश लोधी (26 वर्ष) निवासी सिरसौद, थाना अमोला बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 280 ग्राम स्मैक कीमत 56 लाख रुपये एवं 50 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल जप्त की। आरोपी पर अपराध क्रमांक 256/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद छावई, थाना प्रभारी अमोला अंशुल गुप्ता, चौकी प्रभारी अमोलपठा अभिमन्यु राजावत सहित प्रआर भजनलाल, प्रआर शेर सिंह गौर, आर राधे जादौन, आर रामनरेश राठौर, आर संजिव श्रीवास्तव, आर हीरेन्द्र प्रताप सिंह, आर अतर सिंह, चालक मोहित शर्मा, चालक हरीश जाट, आर नीतेन्द्र सिंह, आर कुलदीप सिंह, आर जसवंत सिंह, आर नीरज कुमार, आर मनोज यादव, आर मत्सेन्द्र गुर्जर, आर रामअवतार गुर्जर, आर हरेन्द्र गुर्जर, एवं आर हुकुम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने सप्लायरों को लेकर अहम जानकारी दी है। पुलिस अब उसके नेटवर्क की गहन जांच कर रही है, जिससे जल्द ही अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह के और सदस्यों के बेनकाब होने की उम्मीद है।



# दून पब्लिक स्कूल को सिंधिया रिसर्च सेंटर ने दिया प्रशंसा पत्र

**आयरलैंड के राजदूत केविन केली ने की भारतीय संस्कृति व प्रतिभा की सराहना**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 14नवम्बर।** आयरलैंड के राजदूत केविन केली के छतरी विजिट के दौरान आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने पर दून पब्लिक स्कूल को सिंधिया रिसर्च सेंटर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। सेंटर के प्रमुख अरुणांश बी. गोस्वामी ने स्कूल के छात्र-छात्राओं की भागीदारी को सराहते हुए प्रशंसा पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में दून पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राजदूत केविन केली का गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। श्री केली ने प्रतीक चिन्ह को अपने दूतावास कार्यालय में स्मृति के रूप में रखने की बात कही। **तनीषा का सवाल**—क्या आप्रवासी आयरलैंड में बड़े पद तक पहुंच सकता है?

सवाल-जवाब सत्र में छात्रा तनीषा खान ने पूछा कि क्या कोई आप्रवासी (इमीग्रेंट) आयरलैंड में उच्च पद तक पहुंच सकता है। इस पर राजदूत श्री केली ने कहा कि, आपका सवाल बहुत अच्छा है। आयरलैंड में भी कोई भी व्यक्ति अपनी योग्यता के आधार पर उच्च पद प्राप्त कर सकता है।

राजदूत केविन केली ने भारतीय संस्कृति और खान-पान की खुलकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम में दून पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर समीर खान, निरंजन सर सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक तरुण विश्वकर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा स्कूल डायरेक्टर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शासकीय सांदीपनी विद्यालय खनियाधाना में बाल मेले का आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**खनियाधाना, 14नवम्बर।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय खनियाधाना में आज वार्षिक वाल मेले का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जज द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर

**जज महोदया ने किया मेले का शुभारंभ, पालकों की उमड़ी भारी भीड़**

पर विद्यालय परिसर में छात्रों, पालकों और अतिथियों की अभूतपूर्व उपस्थिति देखने को मिली। उद्घाटन के पश्चात जज महोदया ने विद्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता और कौशल की सराहना की। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य रामगोपाल शर्मा, राजीव कान्वेंट स्कूल के प्राचार्य श्री अनिल पाण्डेय, रामपाल लोधी पत्रकार तथा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के शिक्षक-कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों को शिक्षा के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मेले में विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ विज्ञान मॉडेल, कला कृतियाँ, हस्तशिल्प, खाद्य स्टॉल, खेल प्रतियोगिताएँ, तथा मनोरंजक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। मेले की समाप्ति पर विद्यालय परिवार के मुखिया श्री टेकचंद जैन द्वारा स्टॉप बच्चों का आभार व्यक्त किया गया।